दिनांक : 20.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,**

- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- देश में पिछले 11 वर्षों में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृध्दि हुई हैं।**
- **"चीता प्रोजेक्ट" तहत आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गाँधी सागर अभयारण्य में 2 चीतों को छोड़ेंगे।**
- **आज ईस्टर का पर्व श्रृद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है।**
- **प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान 44 डिग्री के पार**

---

**लीवर दिवस**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। श्री शाह ने विश्व लीवर दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित स्वस्थ लीवर-स्वस्थ भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में स्वास्थ्य ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 2014 में स्वास्थ्य बजट 37 हजार करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये हो गया है।**

---

**चीता प्रोजेक्ट**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंदसौर जिले के गाँधी सागर अभयारण्य में 2 चीतों को छोड़ेंगे। "चीता प्रोजेक्ट" मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इस परियोजना के तहत मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क के साथ अब गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों का आशियाना बनाया जा रहा है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान में 26 चीते हैं। बोत्सवाना से 8 चीते लाने की योजना है। मई-**

2025 तक 4 चीते लाये जायेंगे। इसके बाद 4 चीते और लाये जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका और केन्या से भी चीते लाने की योजना प्रस्तावित है। अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। दोनों राज्य मिलकर अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर बनायेंगे। चीता परियोजना पर 112 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं, जिसमें से 67 प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश में चीता पुनर्वास पर व्यय हुई है।

---------------------------------------------------

कृषि मंत्री बैठक

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब तक छोटे किसानों को संरक्षित और सशक्त नहीं किया जाता तब तक वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य अधूरे रहेंगे। कल ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि भारत समावेशी, न्यायसंगत और टिकाऊ कृषि के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना एक मिशन है। श्री चौहान ने कहा कि भारत के लिए कृषि केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों के लिए आजीविका, भोजन और सम्मान का स्रोत है। उन्होंने कहा कि दुनिया के 51 करोड़ छोटे किसान वैश्विक खाद्य प्रणाली की रीढ़ हैं और जलवायु परिवर्तन, मूल्य अस्थिरता और संसाधनों की कमी के कारण सबसे कमजोर भी हैं।

---------------------------------------------------

आईटी कॉन्क्लेव

इंदौर में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव में प्रदेश के 55 जिलों की जल संरचनाओं पर केंद्रित डिजिटल डाटाबेस प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में अधिकारियों की बैठक में कहा कि प्रदेश में जल संरचनाओं में जल भराव की स्थिति के अनुसार सैटेलाइट के माध्यम से डिजिटल मैपिंग करना संभव हुआ है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के स्वप्न को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश में अनेक कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से जिलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों के साथ दिव्यांगजन के हित में भी स्वास्थ्य परीक्षण और दिव्यांगजन के लिए उपयोगी उपकरणों के वितरण का कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में मुरैना में हुआ स्वास्थ्य शिविर एक आदर्श उदाहरण है जहां बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

---------------------------------------------------------

वेव्स

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मीडिया के लिए विषयवस्तु तैयार करने वाले लोगों और उनकी अर्थव्यवस्था में आमूलचूल बदलाव हो रहा है। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) से पहले श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रौद्योगिकी के साथ पुराना मॉडल नए मॉडल को रास्ता दे रहा है और नए अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां भी पेश कर रहा है। विश्व दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन वेव्स के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू किया गया क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1, अगले महीने की 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में एक शानदार फिनाले के लिए तैयार है। भारतीय कॉमिक्स एसोसिएशन और आसिफा इंडिया के सहयोग से वेव्स क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के तहत वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप के फाइनालिस्ट की घोषणा हो गई है। फाइनलिस्ट मेरठ के मोहित शर्मा ने बताया कि..

---------------------------------------------------------

ईस्टर

आज ईस्टर का पर्व मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक संदेश में कहा कि पवित्र ईस्टर त्यौहार भगवान जीसस क्राइस्ट के पुनर्जीवित होने का प्रतीक है और निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जीसस क्राइस्ट का बलिदान क्षमा और त्याग के मूल्यों की शिक्षा देता है। उनका जीवन मानवता को सत्य, न्याय तथा सद्भावना के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने प्रत्येक व्यक्ति से जीसस क्राइस्ट के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने तथा समाज में शांति और समृद्धि को प्रोत्साहन देने का अनुरोध किया। इस मौके पर गिरजाघरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल में कल भाई चारे का संदेश देते हुए ईसाई समाज ने रैली का आयोजन किया। वहीं गुरूद्वारों में सिखों के नौवें गुरू श्री गुरु तेग बहादुर साहेब जी का प्रकाश पर्व और बैसाखी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। भोपाल के पिपलानी गुरूद्वारे में कल से दो दिवसीय आयोजन शुरू हुआ।

---------------------------------------------------

## नेत्र परीक्षण शिविर

इंदौर संभाग के बड़वानी में 23 अप्रैल को विशाल नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में ग्रामीणों के नेत्रों का नि:शुल्क परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से किया जायेगा। शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित चिन्हित मरीजों का इंदौर के चोईथराम नेत्र चिकित्सालय में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। नेत्र शिविर में जिला अस्पताल के डॉक्टर और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा नेत्र मरीजों का परीक्षण किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण हेतु चोईथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर बस द्वारा भेज कर ऑपरेशन किए जाएंगे।

---------------------------------------------------

## मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हुई। वहीं, रतलाम, सीधी, सागर, दमोह, गुना, शिवपुरी में लू का असर रहा। मंडला, ग्वालियर, शिवपुरी में रात गर्म रही। प्रदेश के तीस शहरों में तापमान तापतान 44 डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज किया गया। छतरपुर के खजुराहो, नौगांव और गुना में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं, सागर, रतलाम, सीधी और दमोह में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---------------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में ......

- आगरमालवा जिले में गेहूं फसल नरवाई जलाने पर 8 किसानों पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।
- "एक जिला एक औषधीय" उत्पाद योजना के तहत आयुष विभाग अशोकनगर द्वारा  औषधीय पौधों की खेती कलौंजी  की खेती का कल एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।
- डिंडोरी जिले में कल किसानों को "एक जिला एक उत्पाद" के माध्यम से तुलसी की वैज्ञानिक खेती विपणन भंडारण तथा जलवायु अनुकूल खेती संबंधी जानकारी प्रदान किया गया।

- **बैतूल जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कल खाद्य विभाग की टीम ने नेहरू पार्क स्थित चौपाटी का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य सामग्रियों के नमूने एकत्र किए।**
- **उमरिया जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कल करकेली विकासखंड के चंदिया में बोरियों के माध्यम से नदी में बोरी कर जलसंवर्धन करनें का संकल्प लिया गया।**
- **शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद, इंदौर में वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के आवेदन आगामी 28 अप्रैल शाम 5 बजे तक जमा होंगे। और**
- **गुना जिले के आरोन क्षेत्र के ग्राम बमुरिया, बरोद एवं रोरिया में नरवाई न जलाने के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।**

**---------------------------------------------------**